MR. CHAIRMAN: The difficulty is that there are some Members who want to speak. So, I think it is better to postpone it. We will take up the non-official business now and we will continue it later on.

15.02 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

NINTH REPORT

SHRI RAJSHEKHAR KOLUR (Raichur): Sir, I beg to move:

"That this House do agree with the Ninth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 7th December, 1977."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That this House do agree with the Ninth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 7th December, 1977."

The motion was adopted.

15.03 hrs.

RESOLUTION *RE*: PARITY BETWEEN PRODUCTION AND PRICES OF AGRICULTURAL AND INDUSTRIAL PRODUCTS—*contd.*

MR. CHAIRMAN: We will now take up further discussion of the following Resolution moved by Shri Arjun Singh Bhadoria on the 24th November, 1977:—

"This House is of opinion that farmers and poor people of the country have been utterly neglected during the last 30 years and the then Government failed to keep a balance between the agricultural and industrial production. While on the one hand, there was constant decline in agricultural production and prices, on the other, the prices of industrial products constantly increased due to fictitious expenditure.

This House, therefore, resolves that with a view to maintain parity between the production and prices of agricultural and industrial products, necessary steps be taken to ensure that:—

(i) there should not be an increase of more than 10 paise per Kg. in the prices of any foodgrains during the interval between the two successive crops;

(ii) the sale-price of any essential goods manufactured in a factory should not in any case be more than one and a half times of its cost of production;

(iii) the farmer should get reasonable price for his foodgrains and other agricultural products which should meet his cost of production as well as the cost of living;

(iv) the profits of big businessmen and big agricultural farmers are curbed;

(v) ceiling on income in the private sector and Government services is imposed;

(vi) taxes such as Octroi, Sales Tax, etc. levied on essential goods are reduced; and

(vii) price policy is made effective through a four-tier and autonomous system based on socialism."

Shri Arjun Singh Bhadoria may now continue his speech. He is absent.

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : सभापति जी, भदौरिया जी का जो प्रस्ताव है, मैं सिद्धान्ततः उससे पूर्णतः सहमत हूं और इसके लिये उन्हें बधाई देना चाहता हूं । इस प्रस्ताव में जो भावनायें व्यक्त की गई हैं, मैं समझता हूं कि केवल ये भावनायें इस तरफ

[श्री कंवर लाल गुप्त]

या उस तरफ की ही नहीं हैं बल्कि सारे देश की भावनाएं इस प्रस्ताव में व्यक्त की गयी है ।

सभापति जी, आप मुझ से सहमत होंगे कि भारत, दिल्ली, बाम्बे या मद्रास नहीं है । अगर सही भारत कहीं है तो वह गांवों में और देहातों में है । दुर्भाग्य से पिछले तीस सालों में, आजादी के बाद के तीस सालों में इस भारत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया । अगर कोई विदेशी बाहर से आकर भारत को देखता है तो उसे भारत के दो हिस्से नजर आते हैं—एक शहरी भारत और दूसरा ग्रामीण भारत ।

MR. CHAIRMAN: Mr. Kanwar Lal Gupta, please wait a little. Let the amendments be moved. Mr. Nirmal Chandra Jain.

SHRI NIRMAL CHANDRA JAIN (Seoni): I move:

That in the resolution,—

omit (a) "(i) there should not be an increase of more than 10 paise per Kg. in the prices of any foodgrains during the interval between the two successive crops;"

(b) "(vi) taxes such as Octroi, Sales tax, levied on essential goods are reduced; and"

(c) "(vii) price policy is made effective through a four-tier and autonomous system based on socialism." (2)

That in the resolution,—

add at the end—

"(viii) abolish Sales Tax completely." (3)

MR. CHAIRMAN: Now, Mr. Yuvraj is not present; Mr. S. S. Das is not present. Mr. Chandra Shekhar Singh.

SHRI CHANDRA SEKHAR SINGH (Varanasi): I move:

That in the resolution,—

add at the end—

"(viii) the ratio of prices of agricultural and industrial production should be so fixed and regulated that the farmers may get remunerative price of their produce for earning their livelihood; and

(ix) the tax on agricultural land should be levied in such a manner that tax exemption is granted in case of famine, drought, flood, hailstorm and other natural calamities." (6)

MR. CHAIRMAN: The resolution and the Amendments are before the House.

श्री कंवर लाल गुप्त : मैं कह रहा था कि अगर कोई विदेशी आज भारत में आए और भारत के चित्र को देखे तो उसको दो भारत नजर आयेंगे, एक तो हमारे देश का वह हिस्सा है जो गांवों में बसता है, जहां दरिद्रता है, जहां भुखमरी है, जहां गरीबी है, एक लाख 18 हजार गांव हैं जो आज भी तीस साल की आजादी के बाद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, जहां पीने के लिए पानी तक नहीं मिलता है, रहने के लिए मकान नहीं, दवाइयों का इन्तजाम नहीं है और दूसरी तरफ ओबराय होटल है, अशोका होटल है, हिल्टन होटल है और उससे आपको लगेगा कि भारत अमरीका, इंग्लैंड, जापान जैसा बड़ा देश बन गया है । लेकिन इंग्लैंड, अमरीका, जापान आदि की जो हालत सोलहवीं सदी में थी वही आज भारत की तीस साल की आजादी के बाद हालत है । भारत का समाज दो टुकड़ों में बंटा हुआ है । एक टुकड़ा वह है जहां घोर गरीबी है और दूसरा वह है जिसके हाथ में देश का सारा धन है । इस प्रस्ताव का जो भाव है वह बहुत सुन्दर है । इतिहास लिखने वाले लिखेंगे कि तीस साल लगातार आजादी के बाद भी हमारी सरकार ने देश के लोगों के लिए कुछ नहीं किया । क्या इसीलिये लोगों ने गोलियां खाई थी कि

करोड़ों लोग तीस साल के बाद भी भूखे और नंगे रहें और कुछ एक लोगों के हाथ में सारी ताकत केन्द्रित हो जाए। तीस साल का कांग्रेस का इतिहास गरीबी और भुखमरी का इतिहास रहा है। वह गीत गरीबों के गाती रही है और लोरियां दे दे कर उनको सुलाती रही है और जब वह सो जाता है तो उसके शरीर में से खून चूस कर अमीर आदमियों की झोलियां भरती रही है। यह श्रीमती इंदिरा गांधी का और कांग्रेस का इतिहास रहा है।

हमारे देश की संस्कृति बहुत पुरानी है, सभ्यता बहुत पुरानी है, धर्म बहुत प्राचीन है। लोग बहुत सहनशील हैं। अगर यूरोप होता या कोई और देश होता तो वहां शायद इस बीच में कितनी ही क्रान्तियां हो गई होतीं, ब्लडशैड हो गया होता। कई बार मुझे आश्चर्य होता है कि तीस साल आजादी के बाद भी भुखमरी को लोग सहन क्यों कर रहे है? हमारे यहां भाग्य की थ्यूरी को माना जाता है। यह लोग कहते हैं कि शायद हमारे भाग्य में ही ऐसा लिखा था। इसी कारण से वे भुखमरी की हालत को सरकार का दोष नहीं मानते हैं। गरीबी और भुखमरी दूर करने का सरकार अभी तक नारा ही देती रही है। लेकिन काम वह सरमाषेदारों के लिये ही करती रही है मैं समझता हूं कि जनता पार्टी का आज टैस्ट है, उसकी परीक्षा की घड़ी है। उसने जो वादा किया हैं कि दस साल के अन्दर हम हर एक आदमी को रोजगार देंगे, बेसिक एमेनिटीज हर व्यक्ति को दी जाएंगी इससे काम चलने वाला नहीं है। केवल दस साल के बाद यह तय नहीं होगा कि आप इस वादे को पूरा कर सके हैं या नहीं। आज से यह चीज तय होनी शुरू हो जाएगी। हर साल का लेखा जोखा आप से लिया जाएगा। मैं चाहता हूं कि जनता पार्टी की सरकार एक फैज्ड प्रोग्राम बनाए और हर छः महीने के अन्दर उसने क्या क्या किया है, कितने भूखे लोगों के पेट में अनाज गया है, जो तीस साल से नहीं गया था और कितने लोगों के वास्ते पीने के पानी का प्रबन्ध हो गया है। जो 30 साल तक पीने का पानी नहीं दे सके। मैंने अभी कहा कि 1 लाख 18 हजार गांवों में पीने का पानी नहीं है। आपने 6 महीने में कितना किया, कितने लोगों को रोजगार दिया? यह कहने से काम नहीं चलेगा कि अभी तो हमको 7, 8 महीने ही हुए हैं, हमने तो 10 साल कहा था। आपको फ़ज्ड प्रोग्राम बनाना चाहिये और हर 6 महीने के बाद हमारा परफौरमेंस सदन के सामने आना चाहिये कि हमने क्या किया। तब लोग हम पर विश्वास करेंगे। नहीं तो जिस प्रकार 30 साल इन्दिरा जी के नारों के बाद लोगों का विश्वास उठ गया था उसी प्रकार जनता पार्टी से भी लोगों का विश्वास उठने में देर नहीं लगेगी। हमारे लिये एक परीक्षा की घड़ी है।

प्रस्ताव में यह बात ठीक कही गई है कि किसान को ठीक दाम नहीं मिलता है। जो वह पैदावार करता है, पानी का, बिजली का और खाद का खर्चा है और जो उसकी मेहनत लगती है उसका ठीक दाम उनको पूरी तरह से नहीं मिलता। और दूसरी तरफ जो पूंजीपति हैं, मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज भी ऐसा हो रहा है, मैंने वित्त मंत्री को 35 चीजों की लिस्ट बना कर दी थी और कहा था कि जब से जनता पार्टी की सरकार हुकूमत में आयी है उन चीजों के रा-मैटीरियल में कोई भी वृद्धि नहीं हुई, फिर भी पूंजीपतियों ने अपने माल के दाम 5 परसेंट से ले कर 25 परसेंट तक पिछले 6, 7 महीनों में बढ़ा दिये हैं। क्या हमारी जनता सरकार उनसे पूछेगी कि क्यों उन्होंने दाम बढ़ाये? आज मनमाने दाम बढ़ाये जा रहेहैं, और काम जो मर्जी आये करो। यह आज नहीं चलना चाहिये। 30 साल तक वह ऐसा ही करते रहे, लेकिन अब जनता पार्टी की हवा के साथ उनकी भी हवा बदलनी चाहिये। मैं वित्त मंत्री जी से कहूंगा कि आप इसकी जांच

[श्री कंवर लाल गुप्त]

कराइये कि उन्होंने क्यों दाम बढ़ाये ? मैंने तो 30, 35 चीजों के दाम दिये हैं, और भी बहुत सी चीजें हो सकती हैं जिनके दाम बढ़े हों । कोई भी अगर इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट का दाम बढ़ता है तो पहले उसका जस्टीफ़िकेशन लेना चाहिये । कोई भी इंडस्ट्री अपने प्रोडक्ट का दाम जब बढ़ाती है तो सरकार की बगैर मन्जूरी के नहीं बढ़ना चाहिये । मैं चाहूंगा कि जो 35 चीजें मैंने बतायी हैं उनके बारे में जांच होनी चाहिये । अगर फाउन्टेन पैन की कौस्ट आफ प्रोडक्शन 1 रुपया आती है तो उपभोक्ता को कितने पैसेमें मिलेगा, इसको देखना चाहिये । यह नहीं होना चाहिये कि कौस्ट आफ़ प्रोडक्शन तो 1 रु० आये और उपभोक्ता को 10 रु० में मिले । जितनी एजेन्सियां बीच में हैं वह बन्द होनी चाहिये । हर एक चीज़ के दाम से दूसरी चीज के दाम बढ़ते हैं क्योंकि हर आदमी अगर प्रोड्यूसर है तो साथ ही उपभोक्ता भी है । हमारी सारी इंडस्ट्री खेती पर निर्भर है और जनता सरकार ने जो अपना आर्थिक प्रस्ताव किया है मैं समझता हूं कि जनता पार्टी उसके लिये मुबारकबाद की पात्र है । कुछ हमारे साथी जनता पार्टी के आर्थिक प्रोग्राम को देख कर बिदकते हैं, वह कहते हैं कि यह बड़ी इंडस्ट्री के खिलाफ है । हमने ऐसा नहीं कहा है । हमने यह कहा है कि खेती का ध्यान जो उचित तरीके से रखना चाहिये था वह कांग्रेस सरकार ने नहीं रखा है । जनता पार्टी छोटे खेतिहर का ध्यान रखे । हम ने कहा है कि हमारी इंडस्ट्री खेती पर निर्भर है, इसलिए अगर खेती का विकास होगा, तो इंडस्ट्री का भी विकास होगा, अकेली इंडस्ट्री का विकास नहीं हो सकता है । कांग्रेस पार्टी जिस रास्ते पर चलती रही है, जनता पार्टी उस से हट कर गांधी जी के बताये हुए रास्ते पर चलना चाहती है । हम सरकार से मांग करेंगे कि इस नीति का इम्प्लीमेंटेशन पूरी तरह से होना चाहिए, किसान को ठीक दाम मिलना चाहिए और किसी भी इंडस्ट्री के मालिक को एक्सप्लायटेशन का मौका नहीं देना चाहिए ।

मेरा सुझाव है कि प्राफिट पर एक सीलिंग लगाई जानी चाहिए । मैं जानता हूं कि व्यवहार में यह मुश्किल होगा । लेकिन सरकार को यह तय कर देना चाहिए कि कास्ट आफ प्राडक्शन पर इतने परसेंट से ज्यादा मुनाफा नहीं लिया जायेगा, और अगर कोई लेगा, तो उसे दंड दिया जायेगा ।

यह बड़ी विचित्र बात है कि इस समय कपड़े पर यह छापा जाता है कि वह मिल से किस कीमत पर आया है । मैंने कई बार देखा है कि छोटे दुकानदार और ग्राहकों में लट्ठम-लट्ठा होता है--आदमी लट्ठा खरीदने जाता है, तो लट्ठम-लट्ठा होता है कि कपड़े पर तीन रुपये गज़ छपा हुआ है, चार रुपये क्यों लेते हो । मिल वालों ने एक नया ढंग अपनाया है कि तीन रुपये की जगह पांच रुपये छापने लगे हैं, और कहते हैं कि हम चार रुपये में देते हैं । मिल वालों की कितनी लागत आती है, आज इस पर कोई कंट्रोल नहीं है । मंत्री महोदय को इस व्यवस्था को बदलना चाहिए । जितनी लागत आती हैं, उस पर एक या दो परसेंट मुनाफ़ा दे कर दाम छापे जाने चाहिए, और उपभोक्ता को किस कीमत पर कपड़ा मिलेगा, वह भी छपना चाहिए । अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो परिणाम यह होगा कि मिल-मालिक जितना चाहे, उतना मुनाफ़ा लेता रहेगा, और उपभोक्ता की हजामत बनती रहेगी । (व्यवधान) अगर यह चालू रहेगा, तो हमारी भी हजामत कर दी जायेगी, मैं यह वार्निंग देना चाहता हूं । इस लिए जल्दी से जल्दी यह निश्चित कर देना चाहिए कि कितना दाम कपड़ा बनाने वाली मिल को मिलना चाहिए, छोटे दुकानदार को क्या मिलना चाहिए और कनज्यूमर को किस दाम पर मिलना चाहिए ।

दिल्ली में जो टैग सिस्टम चल रहा है, वह और भी मिसलीडिंग है । कपड़े पर यह लिखा जाना चाहिए कि वह किस कीमत पर आया और उस की बिक्री कीमत क्या है, ताकि उपभोक्ता को यह मालूम हो कि उस से कितना दाम लिया जा रहा है ।

आज हालत यह है कि एक मिल 40 परसेंट देती है, दूसरी 30 परसेंट देती है और तीसरी 16 परसेंट देती है । छोटे दुकानदार को एक रुपये की जगह 1.40 या 1.16 रुपये देते हैं । एक निर्धारित सीलिंग से ज्यादा मुनाफ़ा नहीं होना चाहिए ।

सरकार ने तेल के बारे में जो प्रबन्ध किया है, उस के लिए मैं उसे बधाई देना चाहता हूं । पिछली सरकार की मैं पूरी भर्त्सना करना चाहता हूं कि उस ने तेल का घोटाला किया, तेल के लाइसेंस दे कर इलेक्शन के चंदे में करोड़ों रुपये लिये, मगर तेल नहीं मंगवाया और लोगों को लूटा । मेरा ख्याल है आप भी इस में मेरे साथ होंगे क्यों कि जो जनता के ऊपर अत्याचार करती है वह सरकार कोई भी हो अच्छी सरकार नहीं है । इसलिए हमारी सरकार को इस चीज की व्यवस्था करनी पड़ेगी कि अनाज, दाल, तेल, सब्जी, कपड़ा, मकान आदि जो एसेंशियल कमोडिटीज हैं उन की अच्छी से अच्छी व्यवस्था हो । एक तो उन की पैदावार बढ़नी चाहिए । सिर्फ नारे लगाने, हड़ताल करने या फक्ट्रिया जलाने से काम नहीं चलेगा । इस के खिलाफ सरकार को यह देखना चाहिए कि हड़ताल क्यों होती है, उसके जो कारण हैं उन को दूर करना चाहिए । यह अगर किया तो मेरा तो एक सुझाव है, अभी जैसे पटेल साहब बैठे हैं या ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर बैठे हैं, इन के पास दुनिया भर की ऐग्रीकल्चर की आइटम्स हैं, इन्हें यह पता नहीं होता कि कपड़े की एक छोटी सी आइटम कहां है । इसी तरह इंडस्ट्रीज मिनिस्टर के पास हजारों तरह की इंडस्ट्रीज हैं, काटेज इंडस्ट्रीज हैं, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज हैं, मीडियम और लार्ज स्केल इंडस्ट्रीज हैं, इतनी तमाम इंडस्ट्रीज के अन्दर कपड़े की क्या हालत है वह उन्हें मालूम नहीं हो सकती, तो मेरा सुझाव है कि एक अलग मंत्रालय बनाना चाहिए एसेंशियल कमोडिटीज के लिए जो केवल चार पांच चीजों को देखे । मकानों की व्यवस्था , कपड़े की व्यवस्था, खाने पीने की चीजों की दाल इत्यादि की, सब्जी की ऐसी चार पांच आइटम्स की व्यवस्था उस के जिम्मे हो और वह यह देखे कि हर एक चीज हिन्दुस्तान के हर एक व्यक्ति को मिलती है । इन चार पांच चीजों को बनाने से ले कर उस के डिस्ट्रीब्यूशन तक, उस के एक्सपोर्ट इम्पोर्ट और उस को रखने, उस के मेंटिनेंस वगैरह इन सारी बातों को देखने के लिए एक अलग मंत्रालय बनाना चाहिए जो मंत्रालय इन चीजों के ऊपर ध्यान दे । वह इस चीज को देखे कि प्रत्येक गांव गांव में एक एक चीज ठीक प्रकार से पहुंचती है, तब जा कर यह काम होगा, अन्यथा इंडस्ट्रीज का मिनिस्टर है तो वह इंडस्ट्रीज में इतना लिप्त हो जाता है उस के दुनिया भर के धन्धे में कि उस को फुर्सत ही नहीं होती कि वह इस बात को देखे कि टेक्सटाइल का क्या हो रहा है ।

दूसरी चीज मैं यह कहता हूं कि सीलिंग लगनी चाहिए और वह सीलिंग आप लगाते हैं तो आप के अपने कारखाने भी हैं, आप की अपनी काटन टेक्सटाइल मिल्स भी हैं, आप को यह भी देखना होगा कि आप के अपने यहां तो गड़बड़ नहीं हो रही है । मैं आप को बता सकता हूं कि गवर्नमेंट की अपनी मिलें भी 30–30, 35–35 और 40–40 प्रतिशत मुनाफा कमा रही हैं । एस टी सी है वह तो इतनी लूट कर रही है कि कई चीजों पर दो दो सौ तीन तीन सौ परसेंट मुनाफा कर रही है । क्यों ऐसा हो रहा है ? यह ठीक नहीं है । सरकार को एक माडल होना चाहिए । सरकार को प्रोफिटियरिंग नहीं करनी चाहिए । वह सरकार अलग तरह की थी । यह सरकार जनता की है । हमें जनता के साथ मिलकर रहना पड़ेगा । जो सरकारी मिलें प्रोफिटियरिंग करती हैं

[श्री कंवर लाल गुप्त]

उन को आप ठीक करें। पहले आप अपने घर को ठीक करें उस के बाद दूसरे लोगों से अपने घरों को ठीक करने के लिए कहें।

अभी तक जो पंचवर्षीय योजनाएं बनी हैं उन में खेती में जो पैसा दिया गया है वह बहुत ही कम था लेकिन जो भी पैसा खेती में दिया गया इन पांचों योजनाओं में, आप को जानकर आश्चर्य होगा कि उस का 80 प्रतिशत रुपया केवल 20 प्रतिशत किसानों पर खर्च हुआ। इन योजनाओं में खेती के लिए दिए गए रुपये के 80 प्रतिशत का लाभ केवल 20 प्रतिशत ऊपर के किसानों को हुआ, नीचे वालों को कुछ लाभ नहीं हुआ। उसी के परिणामस्वरूप आज हमारी एक एकड़ की ईल्ड दुनिया में सब से कम है। जब तक छोटे किसान को सहायता नहीं मिलेगी, तब तक उस की एक एकड़ का ईल्ड नहीं बढ़ेगा तब तक वह अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकेगा और तब तक देश में क्रान्ति कभी नहीं आ सकती। क्रान्ति दस या बीस परसेंट किसानों से नहीं आ सकती। क्रान्ति तभी आएगी जब झोपड़ी वाले की झोपड़ी पर कम से कम छप्पर तो लग जाय, उस का बच्चा बीमार हो तो उसे दवा तो मिल जाय और उसे पानी की प्यास लगे तो पानी तो पीने को मिल जाय। यह व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए।

Minor adjustments here and there would not do. You will have to take very radical steps different from what they did.

और वह गलत नहीं होगा। अगर हम लीक पर चलते रहे तो पांच साल बीत जायेंगे और बाद में जनता हमसे पूछेगी कि क्या किया तो हम कहेंगे हमें नहीं पता, क्या किया। तो वह समय नहीं आना चाहिए।

पटेल साहब इस बात का ध्यान रखें कि हमारे यहां डिसपैरिटी बहुत है। गांधी जी ने यह कहा था कि प्रिंसिपुल आफ ट्रस्टीशिप में वे विश्वास करते हैं, अगर किसी के पास धन है तो वह उसको रखे, हम जबर्दस्ती छीनना नहीं चाहते, हैं लेकिन वह एक ट्रस्टी बनकर रहे। लेकिन हो यह रहा है कि जैसे मिल्स हैं और उसके जो मिल मालिक हैं व अपने पैसे का, अपनी रिचेज़ का इतना एग्जिबिशन करते हैं, धन दौलत की इतनी अधिक नुमाइश करते हैं तो गरीब आदमी जब पास से निकलता है तो कहता है कि मैं भूखा भी हूं और साथ ही हमारी बेइज्जती भी कर रहे हैं। जहां पर मैं रहता हूं वहां घर के आगे से मैं सैर करने जाता हूं तो देखता हूं तीन चार नौकर 8 कुत्ते लेकर जाते हैं। मैंने पूछा तुम्हारी क्या ड्यूटी है तो कहा हमारे पास 12–13 कुत्ते हैं और चार आदमी नौकरी पर हैं। साढ़े तीन सौ रुपया एक एक को तनख्वाह मिलती है। एक एक कुत्ते पर 12–13 रुपए रोजाना खर्चा आता है। एक तरफ तो यह हालत है और दूसरी तरफ आदमी को पीने का पानी नहीं, खाने के लिए अनाज नहीं, बच्चे का दम घुटता हो लेकिन उसके लिए दवाई नहीं। तो यह जो हालत है वह बन्द होनी चाहिए। हम इस देश को क्रान्ति की तरफ मत ढालें। मुझे विश्वास है कि जनता पार्टी इसको ठीक करेगी, करना भी चाहिए नहीं तो हमें हटना पड़ेगा। कोई दूसरा चारा नहीं होगा। मैं चाहता हूं कि जो एग्जिबिशन आफ रिचेज़ होता हैं वह खत्म होना चाहिए। इस पर कोई न कोई पाबंदी लगनी चाहिए। इस तरह की पाबंदी होनी चाहिए कि एक आदनी कितनी कारें रखे, कहां तक रिचेज़ का एग्ज़िबिशन करे। मैं यह नहीं कहता कि पूरी तरह से पाबंदी लगाई जाये लेकिन इस प्रकार का जो एग्ज़िबिशन है उस पर पाबंदी लगनी चाहिए। एक्सपेंडीचर टैक्स शायद उतना कामयाब नहीं हुआ है, उससे कुछ और ज्यादा करना पड़ेगा।

इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि हमारे

फाइनेंस मिनिस्टर जो काफी एक्सपीरिएंस्ड आदमी हैं, तजुर्बेकार हैं, एडमिनिस्ट्रेशन का भी उनको अनुभव है वे समय को देखते हुए, जनता पार्टी की घोषणा को देखते हुए ऐसे डायनेमिक कदम उठायेंगे जिससे जनता पार्टी का सिर ऊंचा होगा और लोग कहेंगे कि यह पार्टी सिर्फ नारे वाली पार्टी नहीं है, काम करने वाली पार्टी है । इस तरह से एक दिन ऐसा आयेगा जब हमारा सपना साकार होगा और इस देश में सही मायने में रामराज आयेगा ।

श्री कल्याण जैन (इंदौर) : सभापति महोदय, भदोरिया जी ने इतना अच्छा प्रस्ताव रखा है कि इस पर लगातार सात-आठ दिन तक चर्चा होनी चाहिए । मैं इस सदन का नया सदस्य जरूर हूं लेकिन मुझे ऐसा लगा कि यहां पर नकारात्मक चीजों पर बहस ज्यादा होती है और सकारात्मक सुझावों पर चर्चा कम होती है । पिछले तीस सालों में क्या हुआ वह हम अच्छा तरह से जानते हैं । किसानों को जो अनाज के भाव मिलने चाहिए वह भाव उनको नहीं मिले । लेकिन जब वही चीज़ मिल के पास पहुंच जाती है तो मिल मालिकों को उस चीज़ का ज्यादा भाव मिलता है । आज अगर गेहूं की लागत कीमत निकाली जाये तो कम से कम दो सौ रुपए क्वींटल पड़ती है लेकिन दुःख है कि आज किसान को 110 रुपए क्वींटल का ही भाव मिलता है । कहने का तात्पर्य यह हैं कि खेती आज घाटे का धंधा है । देश में जितने भी खेती करने वाले लोग हैं उनके लिए यह धंधा घाटे का है । सिर्फ वे लोग जिनके पास 10–15 एकड़ ज़मीन है और जिनकी आर्थिक हालत ठीक है वही थोड़ा बहुत कमा सकते हैं । गत तीस सालों में पिछली सरकार ने न कभी खेती पर ध्यान दिया और न जो खेती करने वाले लोग हैं उनके ऊपर कोई ध्यान दिया ।

मैं जनता पार्टी की सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इस के बारे में तफ़सील से देखे । मेरा एक सुझाव है और जो बहुत महत्वपूर्ण है—सरकार एक मूल्य आयोग बनाये, जो तमाम आवश्यक वस्तुओं की लागत-कीमत निकाल कर उसका बिक्री मूल्य निर्धारित करे । सरकार को मालूम होना चाहिए कि आज गेहूं की लागत कीमत क्या है, शक्कर की लागत-कीमत क्या है, कपड़े की लागत-कीमत क्या है, घासलेट की लागत कीमत क्या है, तमाम आवश्यक वस्तुओं की लागत-कीमत क्या है—इस काम के लिये मूल्य आयोग स्थापित करना चाहिये । हमारी जनता पार्टी की सरकार यदि इस काम को इस साल न कर सके, तो अगले साल तक अवश्य कर दे ।

आज गेहूं का भाव हम ने 110 रुपये फिक्स कर रखा है, लेकिन बाजार में 150 या 140 रुपये क्विंटल के कन्ट्रोल रेट में मिलता है, जब कि हमारे भदौरिया जी ने अपने प्रस्ताव में रखा है कि यह अन्तर 10 पैसे किलो से ज्यादा नहीं होना चाहिये । यदि आप 10 पैसे नहीं कर सकते हैं तो 20 पैसे किलो का अन्तर कर दीजिये, लेकिन दो फसलो के बीच में इस से ज्यादा अन्तर नहीं होना चाहिये ।

सभापति महोदय, मैं व्यवसाय को जानता हूं, इण्डस्ट्रीयलिस्ट्स लोगों से मिलता रहता हूं—एक किलो पर 20 पैसे के अन्तर से साल भर का ब्याज, भाड़ा, मुनाफ़ा सब कुछ निकल सकता है । लेकिन आज आप देखिये—तिलहन पर दो फसलों के बीच में 2 रुपये किलो का अन्तर है । गेहूं में 50 पैसे किलो का अन्तर हो जाता है—यह कहां तक उचित है ? आज हमारे पास गेहूं का बफर स्टाक है, सरकार आसानी से घोषित कर सकती है कि 120 या 125 रुपये क्विंटल में खरीदेंगे और 140 या 145 रुपये में उपभोक्ता को देंगे, इससे ज्यादा अन्तर नहीं होगा । अगर इससे ज्यादा महंगा जायेगा तो सरकार बेचेगी और सस्ता जायेगा तो सरकार खरीदेगी । इस तरह की नीति अपनाई जा सकती है । आज खाने-पीने की चीजों के नाम पर अरबों रुपये की लूट हिन्दुस्तान की गरीब जनता की होती

[श्री कल्याण जैन]

है और वह लूट धीरे-धीरे जिन लोगों के हाथों में जाती है—उन को आप सब जानते हैं । टाटा-बिरला जिन की पहले क्या सम्पत्ति थी और आज क्या हैं—आप सब जानते हैं, 1000 करोड़ से ज्यादा की सम्पत्ति हो गई है ।

इस का कारण क्या है ? इस का मूल कारण यह है कि गत 30 वर्षों में पिछली सरकार ने प्राइस-पालिसी की तरफ़ ध्यान नहीं दिया । मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है—यद्यपि हमारी सरकार ने कृषि और छोटे कुटीर उद्योगों पर ध्यान देने की बात की है, लेकिन अभी तक मूल्य आयोग की स्थापना और दाम बांधने की प्रक्रिया की ओर सरकार का ध्यान नहीं गया है । मैं तो चाहता था कि इस बहस में ज्यादा साथी हिस्सा लेते, इस के लिये ज्यादा समय दिया जाता और जो सुझाव सामने आते, सरकार उन को कार्यान्वित करने का प्रयास करती ।

मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूं —वित्त मंत्री पटेल साहब को शायद मालूम नहीं है—शक्कर के बारे में अंग्रेजों के जमाने से यह नियम था कि गन्ने और शक्कर की कीमत में 1:16 का अनुपात हो । 1954 में टैरिफ़ कमीशन ने कहा था कि शक्कर और गन्ने की कीमत में 1:16 का अन्तर होना चाहिये । आज गन्ने का भाव आप ने 12 रुपये क्विंटल फिक्स किया है, इस हिसाब से चीनी 192 रुपये क्विंटल में मिलनी चाहिये, लेकिन 400 रुपये क्विंटल में मिलती है । कहने का तात्पर्य यह है कि इस में सरकार का टैक्स है, उद्योगपतियों, मिल-मालिकों का मुनाफ़ा है, थोड़ा-बहुत छोटे और बड़े व्यापारियों का मुनाफ़ा है । आप थोड़ा सोचिये कि इस की लागत कीमत क्या है तथा इतना अन्तर कहां तक उचित है ।

भदौरिया जी ने अपने प्रस्ताव में रखा है कि कारखाने में बनने वाली सभी आवश्यक वस्तुओं का बिक्री मूल्य लागत खर्च से ड्योढ़े से ज्यादा न हो । आज बहुत से संसद सदस्यों को मालूम नहीं है कि अकेले शूगर पर सरकार का कितना टैक्स है । अभी हाल में आपने एक्साइज़ को कुछ कम किया है, उस के पहले यह एक्साइज़ ड्यूटी 121 रुपये क्विंटल थी, यानी 1 रुपये 21 पैसे एक्साइज़ ड्यूटी सरकार एक किलो पर वसूल करती थी, जब कि आम जनता, संसदसदस्य, नेता लोग, अधिकारी लोग यह समझते हैं कि दुकानदार लूट रहे हैं, महंगा बेच रहे हैं । दुकानदार महंगा नहीं बेच रहे हैं, उद्योगपति महंगा बेच रहे हैं या सरकार के टैक्स ने उनको महंगा किया हुआ है । इस तरफ़ सरकार को बहुत गम्भीरता से ध्यान देना चाहिये । आज उद्योगपतियों का मुनाफ़ा एक किलो शक्कर पर 12 आने किलो है । आप ने आधी एक्साइज कम कर दी है, लेकिन बाजार में शक्कर के भाव कम नहीं हुए । मुझे खुशी होती—शक्कर की एक प्राइस बनाई जाती, सारे देश में 3 रुपये किलो में शक्कर मिल सकती ।

आज खण्डसारी वाले परेशान हैं, जो कि हमारी लेबर-इन्टेन्सिव इण्डस्ट्री है । उनकी एक्साइज़ आपने कम नहीं की । इस प्रकार से घासलेट की लागत कीमत मुश्किल से 10 पैसे लीटर है, लेकिन 1 रुपये लिटर में बिकता है । पेट्रोल की लागत कीमत मुश्किल से 12 आने या 14 आने लिटर है, लेकिन उस पर सरकार की 2 रुपया लीटर एक्साइज़ ड्यूटी है—आम जनता को मालूम नहीं है कि महंगाई का क्या कारण है । आज कपड़े में मिल-मालिक लोग अरबों रुपये की लूट कर रहे हैं । आपने भाव छापने की घोषणा की, यह बहुत अच्छी घोषणा कीथी, लेकिन इसमें वे क्या बेईमानी कर रहे हैं—मैंने मोहन धारिया जी को इस बारे में पत्र भी लिखा था—वे इसमें कास्ट-डिस्काउन्ट, रिबेट डिस्काउन्ट, ट्रेड डिस्काउन्ट के नाम पर लूट रहे हैं और यह सारा पैसा उपभोक्ता से वसूल किया जा रहा है । और मिल मालिकों की जेब में अप्रत्यक्ष रूप से चला जाता है ।

हमें दुख है कि सरकार इस तरफ़ ध्यान नहीं दे रही है। वह नकारात्मक चीजों पर ध्यान दे रही है और सकारात्मक चीजो पर वह पूरा ध्यान दें तो आर्थिक नीतियों में सुधार हो सकता है और हिन्दुस्तान के लोगों को फ़ायदा हो सकता है। उस ओर उसका ध्यान नहीं है।

उसी प्रकार से दवाइयों की बात है। स्ट्रेप्टोमाइसीन की लागत 15 पैसे पड़ती है लेकिन आज वह बाजार में एक रुपये की मिल रही है। आज जो हिन्दुस्तान में मल्टी-नेशनल कम्पनियां हैं, वे इस तरह से करोड़ों रुपये कमा रही हैं। मैंने इस बारे में सुझाव दिया है और स्वास्थ्य मंत्री जी से भी मिला था कि आज जो दवाइयां "पेटेन्ट" के नाम से बिकती हैं उन से वे लोग करोड़ों रुपया कमा रहे हैं और उसके लिए सरकार हाथी कमेटी की सिफारिशों को क्यों नहीं मानती कि जो दवाई बिकेगी, उस पर कम्पनी का नाम छपा रहेगा। आज तो स्थिति यह है कि ए०पी०सी० गोली एक कम्पनी की, 10 पैसे में बिकती और दूसरी कम्पनी की, जो कि पापुलर नहीं है, एक पैसे में बिकती है। इस तरह से जो लूट हो रही है, उस पर सरकार ध्यान दे और हाथी कमेटी ने जो सिफारिश की थी कि जेनरिक नाम से दवा बिकनी चाहिए, उस को लागू किया जाना चाहिए। इसी तरह से एस्परो की बात मैं आपको बताऊं। उस के जो कन्टेंट्स हैं, वही कन्टेंट्स दूसरी दवाई के भी हैं लेकिन एस्परो 10 पैसे में बिकेगी और दूसरी दवाई एक पैसे में बिकेगी। इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। अगर सरकार इन बातों पर पूरा ध्यान देगी तो किसी चीज़ की जो लागत हैं, उसके ड्योढ़े में वह आसानी से बेची जा सकती है। मैं यह नहीं कहता कि टेलीविजन पर कर मत लगाओ या मोटर पर कर मत लगाओ लेकिन जो आवश्यक वस्तुएं हैं, उनके महंगे होने का कारण यह है कि एक तो उसमें उद्योगपतियों को ज्यादा मुनाफ़ा आ जाता है और दूसरे सरकार का कर और एक्साइज ड्यूटी बहुत ज्यादा है। ये दोनों चीजें मिल कर वस्तु की कीमत बहुत बढ़ा देती हैं। मैं समझता हूं कि सरकार इस पर ध्यान देगी और उद्योगपतियों पर नियंत्रण रखेगी। मैं यह जानता हूं कि सरकार इसमें तुरन्त कोई बहुत ज्यादा नहीं कर सकती है लेकिन वह धीरे धीरे एक्साइज ड्यूटी को कम करे, पांच साल के अन्दर या चार साल के अन्दर धीरे धीरे वह एक्साइज ड्यूटी कम करे तो चीजों के दाम कम हो सकते है और लोगों को चीजें सस्ती मिल सकती हैं।

मैं आपको बताऊं कि एक सीमेंट की बोरी पर 5 रुपये टैक्स आता है, जिसके कारण वह इतनी महंगी मिलती है। शायद माननीय सदस्यों को मालूम नहीं होगा कि सीमेंट पर 100 रुपया प्रति टन, 5 रुपया एक बोरी पर टैक्स पड़ता है। यह तो मैंने टैक्स और एक्साइज ड्यूटी की बात बताई, फ़जूलखर्ची कितनी होती है, उसके बारे में भी बताऊंगा।

प्रस्ताव में यह भी संकल्प करने को कहा गया हैं कि किसानों को उसके उत्पादन का उचित मूल्य मिले और साथ ही में जो चीजें वह उपयोग में लाता है, उनको भी कम किया जाए। गन्ना सस्ता, शक्कर महंगी, तिलहन सस्ता, तेल महंगा, रुई सस्ती पर कपड़ा महंगा। ये सारी चीजें जो हैं, इनके बारे में मूल्य आयोग की स्थापना हो गई होती, तो आज यह हालत न होती। इसके ऊपर अगर सरकार ध्यान देगी, तो निश्चित रूप से जनता को बहुत ज्यादा राहत पहुंचेगी।

उसी प्रकार से, यह खुशी की बात है कि जनता पार्टी की सरकार ने खाद के भाव कम किये हैं लेकिन उन्हें और भी कम करने की जरूरत हैं। भयंकर एक्साइज ड्यूटी, 40 पैसे प्रति रुपया उस पर एक्साइज ड्यूटी है। जब ऐसा होगा, तो किसान को वह कैसे सस्ती मिलेगी। इसी तरह से आप बिजली

*[श्री कल्याण जैन]

की बात लें । बिजली बनाने में 8 पैसे प्रति यूनिट खर्च आता है लेकिन लोगों से उसके लिए 40 पैसे प्रति यूनिट और किसानों से 15 पैसे प्रति यूनिट लिये जाते हैं । जब ऐसी बात है तो कैसे गरीब लोगों को, किसानों को फ़ायदा हो सकता है और कैसे उनको सस्ती चीज़ मिल सकती है ।

अब मैं कुछ सुझाव आपको देना चाहता हूं । उद्योग पतियों का मुनाफ़ा कम होना चाहिए ।

सभापति महोदय : जरा जल्दी जल्दी करिये क्योंकि बोलने वालों की बहुत लम्बी लिस्ट है ।

श्री कल्याण जैन : सभापति महोदय, सरकार यह कर सकती है और मैं वित्त मंत्री श्री पटेल से कहना चाहता हूं,—शायद वे हिन्दी नहीं समझते और यह दुर्भाग्य की बात है क्योंकि अंग्रेजी के कारण भी देश का उत्पादन घट रहा है और देश में तरक्की नहीं हो रही है—कि कृषि के ऊपर आय कर लगाया जाए, कृषि से जो आमदनी होती है और दूसरी चीजों से जो आमदनी होती है, उस को संयुक्त जोड़ कर अगर इन्कम टैक्स लगाया जाए, तो सरकार को करोड़ों रुपये की आमदनी होगी ।

दूसरी बात यह है कि बिग बिजनैसमैनों का मुनाफ़ा कम किया जाना चाहिए और यह इस तरह से कम हो सकता है कि जो बड़े बड़े मोनोपोलिस्ट्स हैं, उनको कम से कम बैंकों आदि से फाइनेन्स न किया जाए । बहुत से संसद सदस्यों को शायद यह मालूम नहीं होगा कि जितने बड़े बड़े मोनोपोलिस्ट लोग हैं, वे अपनी जेब से बहुत कम पैसा लगाते हैं । वे रुपये में 10 पैसे ही लगाते हैं और 30 पैसे जनता के शेयर में ले लेते है और 60 पैसे बैंकों, यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया और दूसरी फाइनेन्शियल कारपोरेशन्स से लेते है। कम से कम हमारे वित्त मंत्री श्री पटेल और प्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई यह तो कर दें कि इलैक्ट्रिसिटी को छोड़ कर, क्योंकि उसमें पैसे की बहुत जरूरत होती है, किसी भी चीज़ के उत्पादन के लिए या कारखाने खोलने के लिए, इन लोगों को इन संस्थाओं से पैसा न दिया जाए । इससे बिग बिजनैसमैनों का मुनाफ़ा कम किया जा सकता है, उस को करटेल किया जा सकता है । इस के साथ ही साथ मैं यह निवदन करना चाहता हूं कि जनता पार्टी ने 24 तारीख को शपथ ली थी कि "अन्त्योदय" को लाएंगे आज जो ग़रीब आदमी है, वह 77 प्रतिशत ग़रीबी की रेखा के अन्दर है जबकि दूसरी तरफ़ ऐसे भी व्यक्ति है जिन पर लाखों, हज़ारों रुपया खर्च होता है । इस अन्तर को दूर करने के लिए आप को उपभोग पर रोक लगानी होगी । मेरी राय में दो हजार रुपयें से ज्यादा किसी व्यक्ति की आमदनी या तख्वाह नहीं होनी चाहिए । यह सरकार कर सकती है । इससे हम पूंजी का निर्माण कर सकते हैं । जब तक हम पूंजी का निर्माण नहीं करेंगे तब तक हम विकास नहीं कर पायेंगे । इसलिए हमें खर्च पर रोक लगानी है, उपभोग पर रोक लगानी है । जितने भी हमारे सरकारी कर्मचारी या अधिकारी हैं, चाहे व प्रधान मंत्री हों, बड़े-बड़े अधिकारी हों, किसी की भी तंख्वाह दो हजार रुपये से ज्यादा न हो । हमें इसके लिए सीमा बांधनी चाहिए ।

इसके साथ ही हमें खर्च पर भी सीमा बांधनी होगी । कोई भी व्यक्ति दो हजार रुपय से अगर ज्यादा खर्च करता है तो उस पर टैक्स लगाना चाहिए । आज लोग बड़े-बड़े खर्च कर के पूंजी का निर्माण नहीं कर रहे हैं । पूंजीपति लोग अय्याशी पर बड़े-बड़े खर्च कर देते हैं । इसके लिए जरूरी है कि खर्च पर टैक्स लगाया जाए जैसे कि पहले लगता था ।

सभापति महोदय, सेल्स टैक्स को लें । बहुत से साथियों को शायद मालूम नहीं होगा कि मध्य प्रदेश में सेल्स टैक्स खाद्यान्न पर लगात

है। मुझे मालूम है क्योंकि मैं व्यापार करता हूं। मैं मध्य प्रदेश फुटकर व्यापारी संघ का अध्यक्ष हूं। वहां घी पर 15 परसेंट सेल्स टेक्स है। अगर यह सेल्स टेक्स न हो तो घी 7–8 रुपये किलो मिल सकता है। अब साढ़े नौ रुपये किलो मिलता है। (व्यवधान) वनस्पति घी पर सेल्स टेक्स है। उपभोक्ता तो रिटेलर से ही खरीदेगा। उस पर 15 प्रतिशत सेल्स टेक्स है। खाने-पीने की दूसरी चीजों—दाल, तेल और खाद्यान्न—पर 12 से 15 प्रतिशत मध्य प्रदेश में सेल्स टेक्स लगता है। अन्य प्रांतों में यह नहीं है। इन खाद्यान्न की वस्तुओं पर तो कम से कम यह सेल्स टेक्स खत्म करने की सरकार पहले करे, सरकार प्रयास करे। साथ ही साथ इससे खर्च में कमी आ सकती है। आप लोग माने या न माने, इन पब्लिक स्कूलों को खत्म किया जा सकता है, रेलवे की प्रथम श्रेणी को खाम किया जा सकता है और ऐश्वर्य की दूसरी चीजों पर रोक लगायी जा सकती है।

सभापति महोदय, भदौरिया जी ने जो संकल्प रखा है उसमें कहा है कि सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। मैं कहता हूं कि चार खंभों के ऊपर विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है कि पिछले तीस सालों के अन्दर कांग्रेस सरकार ने शहरीकरण किया। कांग्रेस सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगों का निर्माण किया है। जब तक सत्ता का विकेन्द्रीकरण नहीं होगा तब तक काम जनता का फायदा नहीं होगा। सौ रुपये में 80 रुपया हिन्दुस्तान की बड़ी-बड़ी जगहों के लिए खर्च होता है। दिल्ली के अन्दर डेढ़ मील बनाने के लिए सात सौ करोड़ रुपया खर्च किया गया और वह आज से 15–20 साल पहले खर्च किया गया। आज की कीमतों पर लगाया जाए तो वह सात हजार करोड़ रुपये हो जाएगा। एक पंचायत के अन्दर केवल दो हजार या चार हजार रुपया खर्च होता है। इसलिए हमें सत्ता के विकेन्द्रीकरण के साथ-साथ खर्च का भी विकेन्द्रीकरण करना होगा। 25 प्रतिशत पंचायतों पर, 25 प्रतिशत जिलों के अन्दर, 25 प्रतिशत राज्य सरकारों पर और 25–30 प्रतिशत केन्द्र सरकार पर खर्च करने का हमें कोई प्रपोर्शन रखना होगा। जितने भी आय के साधन हैं उन सभी का विकेन्द्रीकरण किया जाए। इसी से सारी चीजों जुड़ी हुई हैं।

यह मैं केवल बोलने के लिए ही नहीं कह रहा हूं। मैं अपनी सरकार से अपील करना चाहता हूं कि वह गरीबी को समझे, गरीबी की आग को समझे। पिछली सरकार ने तो गरीबी के लिए कुछ नहीं किया, कम से कम यह सरकार तो आम जनता की कठिनाइयों को सरल करे और उन्हें आम जरूरत की चीज उपलब्ध कराने में रुचि ले। आज की सरकार और पिछली सरकार में अभी तो सिर्फ यही फर्क दिखाई दे रहा है कि जनता पार्टी के ऊपर के स्तर के लोग ईमानदार हैं, लेकिन सरकार की नीतियों का कार्यान्वयन जिस गति से होना चाहिए वह दिखाई नहीं दे रही है। ऊपर के स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं है लेकिन नीचे के स्तर पर यह चीज दिखाई नहीं दे रही है।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः अपील करना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव के ऊपर साथी लोग जो सुझाव दे रहे हैं उन सुझावों पर सरकार विचार करे और गंभीरता से विचार कर जनता को राहत पहुंचाए।

सभापति महोदय : देखिये, 45 मिनट अब तक खर्च हो गये है। मुझे मालूम हुआ है कि इस रिजोल्युशन को दो घंटे का समय दिया गया है। मैं मानता हूं कि बहुत महत्वपूर्ण रिजोल्युशन है, किसानों के सम्बन्ध में यह रिजोल्युशन है। इसलिए मैं मदस्यों से निवेदन करता हूं कि वे दस मिनट से ज्यादा इस पर न लें क्योंकि बोलने वाले सदस्यों की संख्या काफी है।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : (बहराइच) : अगर आपको समय की सीमा ही लगानी थी

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

तो यह प्रारम्भ से ही लगानी चाहिए थी । अब क्या होगा कि बाद वालों को कम समय मिलेगा ।

सभापति महोदय : आपका चौथा नाम है । आप का बहुत सुन्दर भाषण होता है । आपका बहुत अच्छा आंट्रीब्यूशन रहता है । मैं आपका भाषण सुनना चाहता हूं । इसीलिए मैं आपको पहले बुला रहा हूं । दस मिनट में आप खत्म करने की कोशिश करें । थोड़ी बहुत इधर उधर तो हो ही जाता है ।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : मैं ज्यादा बोलने का आदी नहीं हूं ।

सभापति महोदय, आज का प्रस्ताव भारत की उन्नति से सीधा सम्बन्ध रखता है । उस में भारत की उन्नति निहित हैं ।

भारत शहरों में नहीं बसता है, भारत देहातों में बसता है । भारत देहातों का भारत है, किसानों का भारत है, शहरियों का भारत नहीं है । देश की 80 प्रतिशत से लगाकर 96 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है । बीस प्रतिशत या दस प्रतिशत लोग शहरों में रहते हैं और जो शहरों में रहते भी हैं वे भी गांवों से आए हुए लोग हैं जो मजदूरों के रूप में यहां रहते हैं । उन्होंने शहरों की संख्या को बढ़ा रखा है । देहातों से विवश हो कर वे शहरों में आकर रहने लग गए हैं । शहरी संख्या बहुत ही कम है । किसान की उपेक्षा भारत की उपेक्षा है ।

मैं वित्त मंत्री महोदय को और जनता पार्टी की सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उसने तीस साल के बाद पहली बार खेती की ओर ध्यान दिया है । किसान की और देहात की ग्रामीण जनता की आज उपेक्षा होती रही हैं । वित्त मंत्री जी ने कहा है कि बजट का चालीस प्रतिशत कम से कम देहाती क्षेत्रों पर खर्च किया जाएगा । इसके लिए मैं उनको हार्दिक बधाई देता हूं । चालीस प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति पर खर्च करके भी वास्तव में आप गांवों की उन्नति कर सकेंगे इस में मुझे तब तक सन्देह रहेगा जब तक कि आप किसान की उपज का उसको सही मूल्य नहीं दिला पाते हैं । उसको उसकी उपज का मूल्य लागत के अनुसार नहीं मिलेगा तो आपका चालीस प्रतिशत धन किसी काम नहीं आएगा । इससे आप सड़कें बना देंगे, छोटे और कुटीर उद्योग बना देंगे लेकिन खेती पर निर्भर रहने वाले किसान जो अधिकांश में गांवों में होते हैं, उनको जब तक आप उनकी उपज का सही मूल्य नहीं देंगे वास्तव में किसानों की उन्नति नहीं हो सकेगी । आप भूमिहीनों की कुटीर उद्योग दे देंगे, लघु उद्योग दे देंगे लेकिन किसान का क्या होगा, उसकी उपज के मूल्य का क्या होगा । अगर उसको सही कीमत नहीं मिली तो वह मारा जाएगा । आज किसान मर रहा है, उसके साथ अन्याय हो रहा है ।

किसान की खेती पर ही देश का समुचा आर्थिक ढांचा निर्भर करता है । अगर खेती की उपज नहीं होगी तो आपके जितने कल कारखाने हैं ये बन्द हो जाएंगे, किसान में खरीदने की शक्ति नहीं होगी तो ये बन्द हो जाएंगे । इनका सारा बना बनाया माल पड़ा रह जाएगा, कोई उसको उठाने वाला नहीं मिलेगा, डिमांड एंड सप्लाई के आधार पर तमाम देश का आर्थिक ढांचा टिका हुआ है, कल कारखानों के उत्पादन का खरीददार भी किसान ही है, गांव वाला है, वह मारा गया तो खरीददार बाजार में नहीं रहेगा, बाजार श्मशान भूमि हो जायेंगे । दूकानदार मक्खियां मारेंगे उनका माल सड़ जाएगा, दूकानों में पड़ा रह जाएगा । यह स्थिति देश की बन जाएगी । अगर देश की आपने आर्थिक उन्नति करनी है, योजनाओं को सफल बनाना है तो किसान को आपको न्याय देना होगा, उसकी उपज का सही मूल्य उसको देना होगा, उनके लागत मूल्य के हिसाब से उसको उसकी उपज की कीमत देनी होगी । आज तक यह नहीं हुआ है । मैं चाहताहूं कि आप इसको करें ।

कल कारखानों में जो उत्पादन होता है वे केवल निर्यात के सहारे टिके नहीं रह सकते हैं, चलते नहीं रह सकते हैं। देश में जो मांग है उस पर उनका टिका रहना निर्भर करता है।

प्रश्न पैदा होता है कि किसान की उपज का मूल्य कैसे निर्धारित हो। यह उसी तरह से होना चाहिये जिस तरह से फैक्ट्रियों में बने माल का होता है। कारखानों में उपज का मूल्य बहुत से दूसरे खर्च देख का निर्धारित होता है। मकान भाड़ा, मैनेजर का खर्चा, कामों का खर्चा, टी ए, डी ए, डायरेक्टरों की तनख्वाह मैनेजिंग डायरेक्टर की तनख्वाह सब का ध्यान रखा जाता है। अपने घर के आदमियों को इन पदों पर नियुक्त कर दिया जाता है। किसी को पांच हजार, किसी को दस हजार और मैनेजिंग डायरेक्टर को पचीस हजार और कहीं कहीं पर चालीस-चालीस हजार रुपये तक दिया जाता है। इस प्रकार से खर्चा ज्यादा दिखा करके जो उपज का मूल्य है वह कहीं से कहीं पहुंच जाता है। और कोई पूछने वाला उनसे नहीं है। राष्ट्रपति को जितनी तनख्वाह नहीं मिलती उससे कहीं अधिक इनके मैनेजिंग डायरेक्टर्स को मिलती है। इन पर कहीं रोक टोक है? नहीं है। लेकिन किसान पर यह सिद्धान्त लागू नहीं होता। कल कारखाने के माल के लिये तो आपने कह दिया कि तुम्हारी जो लागत आयेगी, खर्च होगा उसके हिसाब से मूल्य निर्धारित होगा और फिर जो माल बाजार में आयेगा कम्पटीशन होगा उसका अधिक से अधिक दाम उनको आयेगा। लेकिन किसानों के माल का दाम निर्धारित करने के लिये आपने ऐग्रीकल्चर प्राइसेज़ कमीशन बनाया हुआ है जिसमें तमाम शहरी अधिकारी हैं, जिन्होंने खेत नहीं देखा और किसान को समझ नहीं कि उनका क्या खर्चा आता है, वहां यहां कमरों में बैठकर उसके कीमत लगाते हैं। वह देखते है खाद पर कितना लगा, पानी का क्या मूल्य हुआ, हल चलाने का क्या हुआ। लेकिन वह पता नहीं है कि उसका पूरा परिवार खती में लगा हुआ है, उनकी तनख्वाह क्या होगी? उनके परिश्रम की तनख्वाह नहीं लगायी जाती है। और जो दाम आप तय करते हैं वह भी उसको पूरी तरह से नहीं मिलता। गेहूं का मूल्य क्या हो इसका निर्धारण पंत यूनिवर्सिटी और पटियाला ऐग्रीकल्चर यूनीवर्सिटी ने हिसाब लगाकर बताया है कि 1 क्विंटल गेहूं की पैदावार पर 120 रु० लागत आती है। लेकिन हमारी सरकार की जो कमेटी बैठी हुई है उसने किसानों के माल का मूल्य निर्धारित किया है 75, 80, 90 रु० और आज कृपा कर के 110 रु० तय किया है। यह पिछले तीन साल के आंकड़े हैं जब कि यह खर्चा बढ़कर आज 200 रु० हो गया होगा। लेकिन आपने 110 रु० दाम रखा है। और जो खरीद के सेन्टर बनाये हैं वहां किसान गाड़ियों की कतार लगाये खड़े रहते हैं और जो खरीद करने वाले आपने बैठायें हैं वह व्यापारियों से मिले रहते हैं जिसकी वजह से उनका माल 110 रु० क्विंटल पर नहीं लिया जाता जिसके कारण उनको अपना माल वापस ले जाना होता है और मजबूरन बिचौलिये को 90 रु० पर बेचना पड़ता है। उसी माल को थोड़ा सा साफ़ करके वही एजेन्ट 110 रु० पर बेच देता है। इस प्रकार मिल कर किसान को लूटा जा रहा है। इस प्रकार क्या आप किसान को जिन्दा रख सकेंगे?

वित्त मंत्री जी अर्थ-शास्त्र के विशेषज्ञ हैं, कभी आपने हिसाब लगाया कि किसान की कपास सस्ती और उसका कपड़ा बन कर आता है तो कितना गुना मुनाफ़ा मिल मालिक लेते है? गन्ना आज 8 रु० क्विंटल के भाव लिया जा रहा है मिल मालिकों ने सलाह कर ली है कि माल अभी नहीं लेंगे, और किसान ने अगर अपनी ईख नहीं काटी तो वह गेहूं की फसल नहीं ले सकेगा। इसलिए मजबूरन अपनी ईख को फसल किसान काट रहा है और अपना गन्ना खंडसारी वालों को दे रहा है जो 6 रु०, 7 रु० क्विंटल के भाव से ले रहे है और इस पर भी

[ओम प्रकाश त्यागी]

1 रु० ढुलाई का काटते हैं । इस प्रकार किसान को अपने गन्ने का दाम 5 रु० क्विंटल ही मिल रहा है। आपने गन्ने का दाम निर्धारित किया 8 रु० क्विंटल जब कि जलाने की लकड़ी का दाम है 20 रु० । क्या आपने कभी सोचा कि किसान कैसे जिन्दा रहेगा ? आपने उसकी हालत का ध्यान नहीं रखा ।

शहर में फ़ैक्ट्रियों के मालिकों को दिन में बिजली मिलती है और वह आराम से अपने बंगलों में सोते हैं । लेकिन किसान को जानबूझ कर रात में बिजली दी गई है जिसकी वजह से जाड़े की रात में बेचारा किसान नंगा रह कर अपने खेत में पानी लगा रहा हैं । कभी बाढ़ आ जाती है और कभी सूखा पड़ता हैं। आज हालत यह है कि हम लोगों ने किसान को मार दिया है। उसे तो गन्ने की लागत भी नहीं मिल रही है, और चीनी मिल-मालिकों द्वारा 8 रुपये क्विंटल के हिसाब से गन्ना लेने के बाद भी चीनी 400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बिक रही है। सरकार कहती है कि हम राशन की दुकानों पर चीनी कंट्रोल रेट पर दे रहे हैं। शहरियों को दे रहे हैं, लेकिन देहात वालों के पास चीनी कहां पहुंच रही है ? ब्लाक लेबल पर जो लोग बैठे हुए हैं, वे किसानों के फ़र्ज़ी नाम लिख कर चीनी को ब्लैक में बेच देते हैं, और किसान को बाज़ार में चीनी 400 रुपये क्विंटल के हिसाब से मिलती है। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार के पास इसका क्या जवाब है।

मैं यह जानना चाहता हूं कि वह कौन सा दिमाग है, जिसने गन्ने का दाम 8 रुपये रखा है। ऐसे दिमाग को म्यूज़ियम में रखना चाहिए। आज किसान को मारा जा रहा है। उसकी पैदा की हुई कपास और मूंगफली सस्ती है, लेकिन मूंगफली के बने हुए डालडा के दाम आसमान को छ रहे हैं। सरसों का तेल 15, 16 रुपये किलो पर भी नहीं मिलता है। बीच में डाकू लोग किसान को लूट रहे हैं, और सरकार न जाने क्यों इस बात को नज़र-अंदाज़ कर रही है।

वर्तमान सरकार ने किसानों के साथ जो हमदर्दी दिखाई है, उसे व्यवहार में परिणत करना चाहिए। किसान को कम से कम लागत तो मिलनी चाहिए। किसान की उपज का मूल्य निर्धारित करते समय खाद के रेट गवर्नमेंट द्वारा निश्चित रेट के हिसाब से लगाये जाते है। लेकिन मैं देहात में देख कर आया हूं कि ब्लाक लेबल पर जो खाद भेजी जाती है, वे लोग उसे ब्लैक मार्केट में व्यापारियों को बेच देते हैं। किसानों को फ़ासफ़ेट, सलफ़ेट या यूरिया आदि रत्ती भर भी खाद नहीं मिली, जबकि उन्हें गेहूं की फ़सल बोने के समय खाद की ज़रूरत पड़ती है। डिस्ट्रिक्ट लेबल पर भी—मेरठ कमिश्नरी में—मैंने पाया है कि वहां खाद नहीं है। पूछने पर वे लोग कहते हैं कि खाद आई नहीं। मैं पूछना चाहता हूं कि बाज़ार में दुकानदारों के पास ब्लैक मार्केट में खाद कैसे मिल जाता है। इसके मानी ये हैं कि अफ़सरों ने बिज़िनेसमैन के साथ सांठ-गांठ की हुई है। ब्लाक लेबल पर भी यही स्थिति है। वे सब मिल कर किसान को मार रहे हैं।

15.58 hrs.

[SHRI TRIBID CHAUDHURI *in the Chair*]

कृषि-उत्पादन का मूल्य निर्धारित करते समय अन्य चीज़ों के मूल्यों के साथ उसका अनुपात रखना चाहिए। मैं बड़े लैक्चर सुनता हूं कि देश में बहुत महंगाई है, महंगाई से देश को बचाओ। इसके लिए शहर में आन्दोलन किये जाते हैं, जलूस बना कर यहां लाये जाते हैं, और मांग की जाती है कि अनाज और तेल आदि को सस्ता किया जाये, अर्थात् किसानों की पैदा की हुई खाने की चीज़ें सस्ती की जायें। कोई यह नहीं कहता है कि

किसान जो कपड़ा, ट्रेक्टर आदि चीजें बाहर से खरीदता है, उन्हें भी सस्ता करो, क्योंकि उनका सम्बन्ध शहरों से नहीं है।

सरकार शहरों का ख़याल करके महंगाई और सस्तेपन को आंक रही है। यदि वह शहरों का ख़याल करके किसान द्वारा पैदा किये हुए गेहूं, तेल और मूंगफली आदि को सस्ता करेगी, तो मैं बताना चाहता हूं कि धर्म का सिद्धान्त यह है कि जो आदमी धर्म को मारता है, धर्म उसे मारता है। आप किसान को मारेंगे तो किसान इस देश को लड़खड़ा देगा और फिर कोई भी सरकार हो वह ठहर नहीं सकेगी।

16.00 hrs.

मैं आपको एक चेतावनी देना चाहता हूं। मेरा यह सुझाव है कि मूल्य निर्धारण करने वाली जो कमेटी है उसमें शहरियों की जगह देहात के आदमियों को रखिए जो ताकि किसान को उसकी उपज का सही मूल्य मिल सके औगर उसका जो रा मैटीरियल है उससे बनी हुई वस्तु जो आती है उन दोनों के दाम में एक अनुपात होना चाहिए। अगर उन दोनों के दाम में जमीन आसमान का फर्क रहा, सैकड़ों गुना कीमत उसकी हुई तो यह चीज ज्यादा दिन चलेगी नहीं। परिणाम क्या होगा कि आज सरकार हमारे हाथ में है, आराम से चल रही है, लेकिन आप ने उपेक्षा की किसान की और किसान गरीब हो गया, निर्धन हो गया, उसके पास ओढ़ने और पहनने के लिए कपड़ा नहीं रहा, रहने के लिए मकान नहीं रहा, उसकी हालत खराब हो गई तो मैं आपको चेतावनी देता हूं इस देश में खूनी क्रान्ति हो जायेगी और वह खूनी क्रान्ति का नारा लगाने वाले बीच में बैठे हुए हैं। वे इस बात की तलाश में हैं। इस देश में ऐसी पोलिटिकल पार्टीज हैं जिनका यह नारा है कि पोलिटिकल पावर कम्स थ्रू दि बैरल आफ ए गन, जिनका नारा है असंतोष। फैक्ट्रियों में असंतोष, किसानों में असंतोष हर जगह असंतोष हो जायेगा तो आटोमेटिकली खूनी रेवोल्यूशन हो जायेगा। अगर इस देश को उस खूनी क्रान्ति से बचाना है तो आपको किसानों को बचाना होगा और किसानों को बचाने के लिए आप को किसानों के उत्पादन का सही मूल्य देना होगा। अगर वह नहीं दिया तो वह क्रान्ति हो कर रहेगी।

मैं पटेल साहब से कहूंगा कि वह बम्बई की सड़कों और गलियों को छोड़ कर एकाध-बार मेरे साथ किसानों के बीच मे चलें तो उनकी बेचैनी आपके सामने आये। आज उसके पास ओढ़ने को कपड़ा नहीं है, रहने को झोपड़ी नहीं है। 66 रुपये महीने की मजदुरी उसको मिल रही है। 76 पैसे, 96 पैसे रोज़ की मजदुरी मिल रही है। देहातों में चल कर आप देख लीजिये। आप ने निश्चित कर दिया कि पांच रुपये मज़दुर की दैनिक मज़दुरी हो, लेकिन उसको मिल कितना रहा है यह चल कर देख लीजिए। आज मजबुरी में वह किसान के यहां बन्धक के रूप में काम कर रहा है, तो रोटी पर काम कर रहा है। उसको एक टाइम का खाना भी नहीं मिल रहा है। कब तक वह इंतजार करेगा? ज्यादा इंतजार नहीं करेगा। अपने उद्धार के लिए जहां उसे सहारा मिलेगा वहीं चला जायेगा। मुझे डर है कि जिस प्रकार से माओ-त्से-तुंग ने किसानों का सहारा लेकर चीन में रेवोल्यूशन कर दिया था वही स्थिति कहीं भारत में भी न हो जाये। इसलिए मैं आप को समय पर चेतावनी दे रहा हूं और आप को समय रहते संभलना चाहिए। अगर यहां खूनी क्रान्ति हुई तो इसका उत्तरदायित्व सरकार पर होगा।

श्री चन्द्र शेखर सिंह : यह तो बड़ा ही अहम प्रश्न है कि जो लोग संशोधन पेश करें वे अपनी बात भी न कह सकें।

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Mr. Chairman, Sir, after carefully going through the resolution moved by Shri Bhadoria, I feel there is a need to discuss and participate in this discussion.

MR CHAIRMAN: Mr. Lakkappa, one minute. We have about less than 1 1/2 hours only, and the list of speakers ...

SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH: I am not speaking about the list of Speakers. I said, we have moved the amendments and that should be taken up.

MR. CHAIRMAN: But that is not the procedure. We will see how far you can be accommodated.

SHRI CHANDRA SHEKHER SINGH: That means, they will not be permitted to be moved. We shall have to talk about it.

MR. CHAIRMAN: Provided time is available.

SHRI CHANDRA SHEKHER SINGH: Otherwise, not?

MR. CHAIRMAN: Yes. The practice in the House has been that hon. members who move amendments are not necessarily permitted to speak. They speak if time is available.

श्री नाथू सिंह (दौसा) : सभापति महोदय, मेरा सुझाव है कि इसका समय बढ़ा दिया जाये क्योंकि बोलने वाले ज्यादा हैं और यह विषय महत्वपूर्ण है ।

MR. CHAIRMAN: That is in the hands of the Speaker.

SHRI K. LAKKAPPA: The mover of the resolution has done a good service by bringing it. I remember we were members of the Lok Sabha together and there was an element of socialist character in him. Otherwise, he would not have brought such a resolution.

The country today is divided into certain economic divisions. There are big business houses operating on one side and the poor masses. the weaker sections, agriculturists, small and marginal farmers and have-nots struggling on the other. So, to bring about a parity among these forces, certain legislation is necessary. Also, a certain socialist approach is necessry. That spirit has to be engendered and acted upon. The Janata Party, to which the hon. member belongs, really ownes certain responsibilities and social obligations to discharge towards the common people. The have-nots, the small and marginal farmers, agricultural labourers and other weaker sections should control the entire machinery in this country. The biggest machinery is this Parliament. We find that the representatives of big business houses and monopolists are more in number. The poor people cannot prevent the way the money-bags operate in this country. When that is the situation, now can we expect any social legislation to be passed by this House? That is our struggle. The country should have economic freedom. Everyone has to fight for equality of economic freedom. That is lacking today because of the stranglehold of big business houses, monopolists, hoarders, and blackmarketeers. Even the land reforms have been scuttled by backdoor methods. In joint families, the big landlords are distributing the land amongst themselves. The agricultural economy has operated in such a manner that it is still under the control of the business people. In every town you can see how business houses are operating, how speculative practices are indulged in and how the prices of essential commodities are fixed. By virtue of their money power, they are able to control the trading policy and everything. Unless every citizen is enable to participate in the

economic system of the country, merely having the right to vote is of no use. The landless people have got the right to vote, but what is the use? But they do not have any right to determine or control the entire machinery of the Government today, even though we have got democracy only in name. Today it is the Janata Party which is running under the thumb and control of the big business houses. I think that they control the steering of the government. You can see every day discussions going on about the prices. But the price structure should be determined by the will of the farmers, the growers and the landless labourers, but it has never been determined by them. Everything has either been put off or referred to tribunals or it has been left to the fancy and mercy of the bureaucracy of this country. In these circumstances, how can poor farmer or grower get his price?

Sir, there are a number of breweries functioning in this country today and if their cost of production is one rupee, they sell it at Rs. 15/- and they supply a good number of drinks to the Defence personnel. By charging more, they get a lot of money from the taxpayers. But nobody determines what is the cost of production. The poor people have to pay more for all the essential commodities and other necessities of life without knowing the exact prices of these essential things. Indeed, the prices have gone up like anything. I want to ask: Is there any machinery to control the prices? Is there any machinery to determine the prices? It is all a show. We have been seeing for the last 8 months that prices have been going up and no action has been taken to curb the upward trend of prices. Every time they say that we have to gamble with the monsoon. When there is a good monsoon and we have got good water and good crop, again the poor farmer will be the hard-hit because the hoarders will start operating by purchasing everything and hoarding the foodgrains. These are the very people who worked for the restoration of democracy or whatever you call. I do not know what sort of democracy they have restored by bringing back the hoarders and blackmarketeers in a different garb. Our fight is an unending one. The fight is on and we are determined to fight against casteism, against capitalism, and against reactionary activities or any such thing by which you are preventing economic growth and freedom of the people of this country. Our struggle against all such things is continuous and it will not be stopped. If there are many people of understanding in your Party, I warn them and at the same time request them that they should not allow this Government to be run by these big business houses and hoarders. If they do so, they will be in trouble.

